मैया दौड़ी आएगी

करले तू विश्वास रे पगले मैया दौड़ी आएगी,
जो तू दिल से माँ को पुकारे इक पल देर ना लाएगी,
करले तू विश्वास रे पगले मैया दौड़ी आएगी....

लाख मुसीबत आये तुझपे बाल ना बांका हो तेरा,
दिल में बसा ले महारानी को छोड़ दे मेरा मेरा,
मुसीबत में तुझको कर पीछे आगे खुद अड़ जायेगी,
करले तू विश्वास रे पगले मैया दौड़ी आएगी....

क्यों कोसे है किस्मत को तू तेरा साथ निभाएगी,
समझे क्यों तू खुद को अकेला अपना तुझे बनाएगी,
गोद में रखके सर तेरा ममता से सहलाएगी,
करले तू विश्वास रे पगले मैया दौड़ी आएगी....

बोझ है सर पे दुनिया का रे अपनों ने दिल तोड़ा है,
देख के दुःख में तुझको पगले बीच भवर में छोड़ा है,
किशोरी दास तू ना कर चिंता माँ अंजलि हाथ बढ़ाएगी,
करले तू विश्वास रे पगले मैया दौड़ी आएगी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26822/title/mayia-daudi-aayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |